छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

शुक्रवार, दिनांक 9 जनवरी, 2009

(पौष - 19, शक संवत् 1930)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.05 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

1. मंत्रियों का परिचय

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने मंत्रियों/संसदीय सचिवों का परिचय सदन से कराया ।

2. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री व्ही.पी.सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री, श्री जगन्नाथ यादव, अविभाजित म.प्र.विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री सत्यनारायण केसरवानी, अविभाजित म.प्र.विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री रवि आर्य, अविभाजित म.प्र.विधान सभा के पूर्व सदस्य एवं मुंबई आतंकवादी हमले में मृतकजनों के प्रति शोकोद्गार व्यक्त किये ।

मुख्यमंत्री, डॉ.रमन सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष, श्री रविन्द्र चौबे ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए ।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की ओर से शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

(11.25 बजे सदन की कार्यवाही स्थगित होकर 11.36 बजे पुनःप्रारंभ हुई)

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

3.अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ लोक आयोग(संशोधन) अध्यादेश, 2008 (क्रमांक 3 सन् 2008) पटल पर रखा ।

4.महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव के संबंध में श्री नारायण चंदेल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर निम्नलिखित सदस्यों के संशोधन प्रस्तुत हुए :-

सर्वश्री रविन्द्र चौबे, महंत रामसुंदर दास, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्रीमती अंबिका मरकाम, परेश बागबाहरा, श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, हृदयराम राठिया, श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर, टी.एस.बाबा, जयसिंह भैया, अग्नि चंद्राकर, अमरजीत भगत, रामदयाल उइके, धर्मजीत सिंह, मोहम्मद अकबर, डॉ.शक्राजीत नायक, डॉ.हरिदास भारद्वाज, कुलदीप सिंह जुनेजा, डॉ.शिवकुमार डहरिया, डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, नंदकुमार पटेल, ताम्रध्वज साहू, रामदेव राम, लेखराम साहू, लखमा कवासी एवं दूजराम बौद्ध ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत ज्ञापन प्रस्ताव व संशोधनों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री अजीत जोगी,

5.भोजन अवकाश

सदन की सहमति से माननीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि भोजन अवकाश नहीं होगा ।

6.महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः)

सुश्री सरोज पाण्डेय, सर्वश्री नंदकुमार पटेल, देवजी भाई पटेल, धर्मजीत सिंह,

7. अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि अध्यक्षीय दीर्घा में छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित हैं, सदन उनका स्वागत करता है ।

8.महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः)

सर्वश्री दयालदास बघेल (जारी)

(सभापति महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री दयालदास बघेल, डॉ.शक्राजीत नायक, श्रीमती रेणुका सिंह, डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, रविशंकर त्रिपाठी, ताम्रध्वज साहू, भीमा मंडावी, लखमा कवासी, डॉ.सुभाऊ कश्यप, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, खेदूराम साहू, श्रीमती अंबिका मरकाम, दीपक कुमार पटेल, परेश बागबाहरा (जारी)

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री परेश बागबाहरा, फूलचंद सिंह, टी.एस.बाबा, विरेन्द्र कुमार साहू, डॉ.हरिदास भारद्वाज

9.सदन को सूचना
अभिनंदन कार्यक्रम, पुस्तक विमोचन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन एवं विविध साहित्यों का प्रदाय

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि - आज सायं सभा की बैठक स्थगित होने के ठीक पश्चात् विधान सभा परिसर में अभिनंदन कार्यक्रम, पुस्तक विमोचन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन है । कार्यक्रम पश्चात् मेरी ओर से रात्रि भोज भी आयोजित है । समस्त माननीय सदस्य आमंत्रित हैं ।

छत्तीसगढ़ की तृतीय विधान सभा हेतु निर्वाचित माननीय सदस्यों को संसदीय विषय पर लोक सभा द्वारा प्रकाशित कौल एण्ड शकधर द्वारा लिखित पुस्तक संसदीय पद्धति एवं प्रक्रिया, भारत का संविधान, प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली व अध्यक्ष के स्थायी आदेश का वितरण विधान सभा के पुस्तकालय से किया जा रहा है । सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया पुस्तकालय से साहित्य प्राप्त करें तथा पुस्तकालय का भ्रमण भी करें ।

10.महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः)

सर्वश्री दूजराम बौद्ध, रामदयाल उइके, डॉ.शिवकुमार डहरिया, हृदयराम राठिया, अग्नि चंद्राकर, महंत रामसुंदर दास, मोहम्मद अकबर, रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष ।

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया ।

समस्त संशोधनों पर एक साथ मत लिया गया ।

समस्त संशोधन अस्वीकृत हुए ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

11.सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि - सभा की बैठक स्थगित होने के पश्चात् सभी माननीय सदस्य विधान सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम एवं भोज में सादर आमंत्रित हैं ।

रात्रि 9.08 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 2 फरवरी, 2009 (माघ 13, शक संवत् 1930) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा